## खबर संक्षेप

### स्व. देवीशरण ग्रामीण जी की 90वीं जयंती के उपलक्ष्य में गोष्ठी का आयोजन



**सतना।** मध्यप्रदेश प्रगतिशील लेखक संघ नागौद इकाई द्वारा आगामी 28 दिसंबर को मूर्धन्य साहित्यकार स्व.देवीशरण सिंह ग्रामीण जी की 90वीं जयंती के उपलक्ष्य में नागौद के नई कोतवाली के सामने स्थित आनंदम गेस्ट हाउस में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है।दोपहर 1 बजे से आरंभ होने वाली यह गोष्ठी वर्तमान चुनौतियों के आलोक में ग्रामीण जी का लेखन विषय पर केंद्रित होगी।उक्त अवसर पर ग्रामीण परंपरा के पोषक व पक्षधर वरिष्ठतम साहित्यकारों में से किसी एक को ग्रामीण सम्मान से नवाजा जाएगा। प्रगतिशील लेखक संघ नागौद इकाई के अध्यक्ष एड.रमाकान्त मिश्र ने साहित्यानुरागियों से कार्यक्रम में उपस्थिति होने की अपील की है।

### कटनी टीम ने जीता छठवां सुपर लीग मैच

**गनियारी।** शरद चौबे की पुण्य स्म्रति में चल रहे जिला स्तरीय लाल टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगता का छठवा सुपर लीग मैच बघराजी और कटनी के बीच खेला गया जिसमें बघराजी टीम से टॉस जीता और पहले बॉलिबाजी का निर्णय लिया। बघराजी टीम ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 152 रन बनाए। कटनी टीम को 153 रनों का लक्ष्य दिया। वही कटनी टीम इस लक्ष्य को 15वे ओवर की तीसरे बॉल में ही 4 विकेट के नुकसान के इस लक्ष्य को पा लिया और मैच जीत लिया। मैच के मैन ऑफ द मैच आजाद रहे जिन्होंने पहले बल्ले से 24 बॉलो में 68 रन बनाए वही गेंदबाजीमें 01 सफलताए अपनी टीम दिलाई। मुख्य अतिथि आचार्य शेलेन्द्र महाराज, राजेन्द्र शुक्ला, श्याम सुंदर तिवारी, पीपलू चौबे रहे। मैच के निर्णायक जय हल्दकार, उत्तम बर्मन रहे।

# उत्तरप्रदेश से सतना लाई गई धान की खेप को किसान ने पकड़ तहसीलदार को दी जानकारी

**सतना।** उत्तर प्रदेश से अवैध रूप से शासकीय धान सतना के खरीदी केन्द्र में बिकने के लिए लाई जा रही है। सोमवार दोपहर उत्तरप्रदेश से सतना ट्रक क्रमांक यूपी90टी 8336 में लाई गई धान की खेप को भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद सिंह ने किसानो की मदद से उचेहरा के समीप पड़ने वाले करारी रपटे के पास खड़ा करवाकर उचेहरा तहसीलदार मीनाक्षी जायसवाल को जानकारी दी। उनके अनुसार उंचेहरा तहसील क्षेत्र में किसी खरीदी केन्द्रों में जाते ही जानकारी मिलने पर की जाएगी कार्यवाही करने की बात कही गई थी। हालाकि यह सिलसिला कोई नया नहीं है। यहां बीते वर्ष भी कालाबाजारी और अवैध बिक्री धड़ल्ले से की गई थी। लेकिन इस वर्ष भी समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू होने के मद्देनजर एक बार फिर अवैध रूप से उप्र की धान को सतना में खपाने की पुरजोर कोशिश की जा रही है। जिसे लेकर बिचैलियों के मनसूबे पर पानी फेर दिया है।

### अधिकारी की अनदेखी से आसानी से खप रही धान

बताया जा रहा है कि धान के बिचौलिए चोरी छिपे उत्तरप्रदेश की सस्ती धान मप्र में अधिक दाम पर ठिकाने लगाने की फिराक में रहते हैं।उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे होने के कारण सतना में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी के समय प्रतिवर्ष उत्तरप्रदेश की धान चोरी-छिपे बिकने आती हैं।सीमाई जिला होने के कारण ट्रांसपोर्ट में भी खर्चा कम होता है इसलिए बिचौलिए सस्ते दाम में उत्तरप्रदेश से अवैध रूप से धान लाकर सतना में बेच देते हैं। इसमें बड़े स्तर पर उत्तरप्रदेश की मंडियों और अधिकारियों की मिलीभगत से यह सब कुछ होता है।

### तहसीलदार की अनदेखी बनी चर्चा का विषय

भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद द्वारा उत्तरप्रदेश की धान लोड किये



वाहन को खड़ा कराकर तहसीलदार को सूचना दिये जाने के बाद भी वाहन पर बिना कोई पूंछतांछ किसी केन्द्र पहुंचने का इंतजार करने की बात किसी को हजम नहीं हो रही है वहीं तहसीलदार की इस तरह की अनदेखी लोगों के बीच चर्चा का बिषय बना हुआ है। हालाकि इस संबंध में जानकारी लेने तहसीलदार को फोन भी किया गया पर उन्होने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा। अभी तक इस संबंध में उनके द्वारा कार्यवाही कियें जाने की खबर भी प्राप्त नहीं हुई है।

### इनका कहना है-

मेरा स्वास्थ्य खराब होने के कारण उत्तर प्रदेश की धान लोड वाहन की जानकारी तहसीलदार जी को दी गई थी उन्होंने किसी खरीदी केंद्र में जाने के दौरान जांच की बात कही थी।

**ठाकुर प्रसाद सिंह**
**अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन**

# कड़ाके की ठंड से कांप रहे लोग



### दिन में ठंडी हवा के कारण धूप से भी नहीं मिल पा रही है राहत

**सतना।** पिछले तीन दिनों से कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। ठंड के कारण लोग कपकपा रहे हैं। यह है कि अब दोपहर के वक्त चलने वाली ठंडी हवा के कारण धूप भी राहत नहीं दे पा रही है। मौसम विभाग के सूत्र बताते हैं कि ठंड अभी और बढ़ेगी। मंगलवार को अधिकतम तापमान 23 और न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस,सोमवार को अधिकतम तापमान 23.8 और न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक 11 दिसंबर से जिस तरीके से मौसम रिकॉर्ड किया गया है उसमें अधिकतम तापमान 26.0 और न्यूनतम तापमान 12.1 रिकॉर्ड किया गया। 12 दिसंबर को अधिकतम तापमान 26.02 और न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री सेल्सियस,13 तारीख को अधिकतम तापमान 26.3 और न्यूनतम तापमान 12.1 डिग्री सेल्सियस,14 तारीख को अधिकतम तापमान 27.0 और न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।15 तारीख को न्यूनतम तापमान 9.8,16 तारीख को न्यूनतम तापमान 9.6 और 17 दिसंबर को अधिकतम तापमान 24.3 और न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### बर्फबारी ने बढ़ाई ठंड

पहाड़ों में हो रही बर्फबारी के कारण मैदानी इलाकों में कड़ाके की ठंड पड़ना शुरू हो गई है। जम्मू और कश्मीर ने बर्फ की चादर ओढ़ ली है। इसके बाद मध्य प्रदेश,उत्तर प्रदेश,हरियाणा,बिहार और राजस्थान में कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

### कोहरा पड़ने से सुबह शाम बढ़ी ठंड

दोपहर तक धूप निकलने से लोगों को सर्दी से थोड़ा-थोड़ा निजात मिल जाती है लेकिन ठंड हवाएं चलती रहती हैं। कोहरा होने से सुबह शाम के समय ठंडक बढ़ गई है। ठंड के चलते तापमान भी स्थिर बना रहा है।मौसम के तापमान में उतार चढ़ाव के बीच ठिठुरन बढ़ने लगी है। हालांकि,आगामी दिनों में बारिश की संभावना नहीं है। वहीं,कुछ दिनों तक न्यूनतम तापमान में वृद्धि होगी।अधिकतम तापमान में गिरावट आने की संभावना है। इस वजह से दोपहर के समय हल्की ठिठुरन महसूस की जा सकती है।

# उचेहरा एसडीएम पर ही भारी है जनपद का अधिकारी

### 3 दिन में देनी थी जांच रिपोर्ट 5 माह बाद भी नहीं दी



**सतना।** उचेहरा जनपद के जाखी पंचायत के लखमद गांव का है जहां 10 लाख से बना चेक डैम पहली ही बारिश में डह गया जिसके चलते पानी का इतना तेज बहाव हुआ की किसानों के लंबे क्षेत्र में खेत की मिट्टी कट कर बह गई। इस बात की शिकायत और जांच के लिए ग्रामीणों ने उचेहरा पहुंच ज्ञापन भी दिया। मामला 6 माह पूर्व जुलाई 23 में जनपद के जिम्मेदार और उचेहरा एसडीएम के संज्ञान में आया केवल अभी तक कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति होती रही।

### 3 दिन में देनी थी जांच रिपोर्ट 5 माह गुजरे

जनपद के सहायक यंत्री ने अपने स्तर से जांच कराकर जिला पंचायत को 31 जुलाई को अपनी तरफ से भेजी रिपोर्ट में शब्दो की कितनी चतुराई दिखाई है आप स्वयं देखिये,रिपोर्ट में लिखा की मेन बाल के बीच में खड़ी पतली दरार आ गई है जिससे पानी का रिसाव होता है जबकि मौके पर प्रत्यक्ष रूप से कोई भी जा कर इस चेक डैम की हकीकत देख सकता है। न्याय की गुहार लगाते पीड़ित किसान द्वारा लिखित आवेदन देने पर 27 जुलाई को उचेहरा एसडीएम ने चार सदस्यीय टीम से जांच करा 3 दिन में जांच प्रतिवेदन देने को कहा था लेकिन वह 3 दिन अभी तक नही आया 5 माह बीत जाने के बाद भी उचेहरा एसडीएम को जांच रिपोर्ट जनपद के सहायक यंत्री द्वारा आखिर क्यों नही सौपी जा रही? इससे तो यही लगने लगा है कि क्या उचेहरा एसडीएम सुधीर बेक से उचेहरा जनपद के सहायक यंत्री भारी है।

# सतना जिले की जनसुनवाई में 31 प्रकरणों का निराकरण



### दिनेश और कताहुर पटेल को मिली कान की मशीन

**सतना।** कलेक्टर अनुराग वर्मा के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई जनसुनवाई में कान से कुछ भी सुनाई नहीं पड़ने की समस्या को लेकर आये अर्जुन नगर पतेरी निवासी दिनेश कुमार शुक्ला और न्यू चौक उचेहरा निवासी कताहुर पटेल को जनसुनवाई कर रहे अधिकारियों ने मौके पर ही लगभग 7 हजार रुपये कीमत की कान की मशीन प्रदान की। दरअसल कलेक्टर अनुराग वर्मा ने इन दोनो आवेदकों की पूर्व की जनसुनवाई में समस्या सुनकर उप संचालक सामाजिक न्याय सौरभ सिंह को आवेदकों की माली हालत देखते हुये कान की मशीन दिलवाने के निर्देश दिये थे। कलेक्टर के निर्देश पर सीएसआर मद से इन दोनो आवेदकों को कान की मशीन दिलाने की व्यवस्था की गई।मशीन कान में लगते ही कताहुर पटेल और दिनेश शुक्ला को सबकुछ साफ-साफ सुनाई देने लगा। दोनो आवेदकों ने खुशी-खुशी कलेक्टर अनुराग वर्मा के कक्ष में जाकर उन्हें धन्यवाद भी ज्ञापित किया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में एसडीएम सिटी नीरज खरे और एसडीएम रघुराजनगर ग्रामीण सुरेश कुमार गुप्ता ने जिले के दूर-दराज से आये 31 आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश देकर समस्या का निराकरण कराया। जनसुनवाई में आवेदकों ने प्रमुख रुप से जमीन का सीमांकन कराने,अनुकंपा नियुक्ति,गरीबी रेखा में नाम जोड़ने,खाद्यान पात्रता पर्ची,दाखिल-खारिज कराने,प्रधानमंत्री आवास योजना,अवैध कब्जा हटाने,राशन कार्ड बनाने,विद्युत समस्या,वृद्धावस्था पेंशन,विधवा पेंशन,विकलांग पेंशन,जमीन का कब्जा दिलाने,चिकित्सा सहायता, रोजगार दिलाने,भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन प्रस्तुत किये।

# धार्मिक स्थलों में लगे लाउड स्पीकर स्वयं हटाया



**मैहर।** कलेक्टर रानी बाटड ने प्रदेश सरकार के आदेशों का पालन करते हुए सोमवार को धर्म गुरुओं की बैठक ली। बैठक में ध्वनि प्रदूषण का मनुष्य और जीव जंतु में होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताते हुए ध्वनि प्रदूषण को कम करने के लिए मैहर जिले के सभी अधिकारियों और धर्मगुरुओं को आदेश का पालन करने की अपील की। जिसके बाद धर्म गुरुओं ने आदेशों का सम्मान पूर्वक पालन करते हुए धार्मिक स्थलों पर लगाए गए नियमानुसार अवैध लाउड स्पीकर को स्वतः ही हटाया गया। जिसके बाद सभी धर्म गुरुओ द्वारा जिला प्रशासन से नियमानुसार लाउड स्पीकर बजाने की अनुमति के लिए आवेदन दिया गया बताया गया की कानून और संविधान सभी के लिए एक समान है भारत में रहने वाले सभी नागरिकों को इसका सम्मान करना चाहिए ताकि देश शांति व्यवस्था बनी रहे।



# पंचायत उप निर्वाचन के लिये मतदान 5 जनवरी को

**सतना।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतराज संस्थाओं में रिक्त पदों के निर्वाचन के लिए चुनाव कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। 22 दिसम्बर तक नामांकन होगा एवं 5 जनवरी को मतदान कराया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने सतना जिले की ग्राम पंचायतों में रिक्त पंच और सरपंच पद का मतदान शांतिपूर्ण,निष्पक्ष और विधि-सम्यक रुप से संपन्न कराने 13 सेक्टर गठित कर 21 मतदान केंद्र निर्धारित किये हैं। जिसमें सोहावल जनपद अंतर्गत 2 सेक्टर,नागौद अंतर्गत 4,उचेहरा अंतर्गत 2,रामपुर बघेलान अंतर्गत 3 एवं जनपद पंचायत मझगवां अंतर्गत 2 सेक्टर गठित कर एक-एक सेक्टर अधिकारी नियुक्त किये गये हैं।

रिक्त 16 पंच और 2 सरपंच पदों के लिये होगा मतदान सतना जिले में पंचायत उप निर्वाचन के लिये घोषित कार्यक्रमानुसार जनपद नागौद की ग्राम पंचायत हिलौंधा और जनपद उचेहरा की ग्राम पंचायत गुढ़ा में सरपंच के रिक्त पद के लिये मतदान किया जायेगा। जबकि जनपद सोहावल की ग्राम पंचायत फुटौंधा के वार्ड क्रमांक 1,नयागांव के वार्ड 20,जनपद नागौद की ग्राम पंचायत दुर्गापुर के वार्ड 14,हरदुआकला के वार्ड 9,शहपुर के वार्ड 3,जनपद उचेहरा की ग्राम पंचायत करहीकला के वार्ड 2,गोबरांवकला के वार्ड 8,जनपद रामपुर बघेलान की ग्राम पंचायत अकौना के वार्ड 14,अबेर के वार्ड 17,नरसिंहपुर के वार्ड 5,रामनगर के वार्ड 13,खारी के वार्ड 2 तथा मझगवां जनपद की ग्राम पंचायत झोंटा के वार्ड 7,सेलौरा के वार्ड 15,पटनाखुर्द के वार्ड 6 और ग्राम पंचायत पुतरीचुवा के वार्ड क्रमांक 11 में पंच के रिक्त पद के लिये मतदान किया जायेगा।

# खुले में मांस मछली विक्रय करने पर हुई कार्यवाही

**कटनी।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार खुले में मांस मछली के विक्रय पर प्रतिबंध लगाये जाने के आदेश पर नगर पालिक निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल के निर्देश में स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी एवं निगम टीम ने आज नगरीय क्षेत्र में भ्रमण कर खुले में मांष व मछलियों का विक्रय करने पर सख्त कार्यवाही की। सोमवार को शिवाजी वार्ड ईश्वरीपुरा वार्ड एवं महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड से 2 किलो मुर्गा जब्त कर नगर निगम कर्मचारियों की संयुक्त टीम के द्वारा कार्यवाही की गयी जिसमें लगभग 02 किलोग्राम मुर्गा जप्त करते हुये विनष्टीकरण की कार्यवाही की गई।

# दहेज मांगने पर शादी से किया इंकार सगाई का सामान लौटाने की मांग

### जन सुनवाई में आए कई और मामले


**मैहर।** कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड पुलिस अधिक्षक सुधीर अग्रवाल एसडीएम सुरेश जाधव द्वारा कलेक्ट्रेट भवन में मंगलवार को जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई का समय प्रातः 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक का रखा गया। जिसमें जिले के विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे। शिकायतकर्ताओ के द्वारा 18 आवेदन प्राप्त किये गए जिनके आधार पर संबंधित अधिकारी को जल्द से जल्द निराकरण करने के लिए आदेश दिया गया .पहला आवेदन पवन चौधरी के द्वारा दिया गया जिसके द्वारा बताया गया कि उसकी छोटी बहन काजल चौधरी उम्र 22 वर्ष पुरानी बस्ती परिवारिक कार्य 11 दिसम्बर को आई हुई थी। शाम 6:30 से लापता हो गई है। जिसका संज्ञान में लेते हुए श्री बाटड ने मैहर थाना प्रभारी अनिमेष दिवेदी से मामले की जानकारी लेते हुए बताया गया कि गुमशुदा लडकी कि आखरी मोबाईल लोकेशन के आधार पर पुलिस की टीम कल रवाना होगी। दूसरा आवेदन अर्चना रजक ग्राम पोड़ी का प्राप्त किया गया। जिसमे बताया गया कि आधार




कार्ड से समग्र आईडी को लिंक कराने के लिए ग्राम पंचायत सचिव को दिया गया था कई दिन चक्कर काटने के बाद भी नही किया गया था। आवेदन के आधार पर श्री बाटड ने विभागीय अधिकारी को सौपते हुए कल दिनांक को आधार को समग्र से लिंक करने का आदेश देते हुए अर्चना रजक को संतुष्ट कर भेजा गया। मैहर जिले के ग्राम पंचायत बदेरा के परसरामपुर की निवासी फूलबाई ने आवेदन देते हुए बताया गया कि परसरामपुर हल्का 114 में आराजी 514/2 रकवा 2.000 की स्वामी हु मेरे बगल में आराजी 514/1 जो कि शासकीय है जहां पर स्वाश्थ केंन्द्र और स्कूल बनाया गया है अब मेरी आराजी से होते हुए सार्वजनिक सड़क निर्माण किया जा रहा है का आवेदन प्राप्त होते ही कलेक्टर ने मामला सबंधित अधिकारी को सौपते हुए सड़क निर्माण के कार्य पर रोक लगाते हुए भू स्वामी कि भूमि का सीमांकन करने के विभागियाधिकारी को आदेश जारी किया गया वहीं एक आवेदन एक लडकी के द्वारा दिया गया जिसमें बताया गया कि उसकी शादी होने वाली थी शादी से पहले ही लडके के द्वारा पैसे और गाडी की मागं की जाने लगी जिसे देखते हुए लडकी ने शादी करने से मना कर दिया था,अब लडकी का कहना है कि सगाई के दौरान दिये गए पैसे दिलाने की बात कही गई जिसे देखते हुए पुलिस अधिक्षक ने मामले से सम्बंधित थाने को सुचना देते हुए मामले कि जांच करते हुए कार्यवाही करने का आदेश दिया इस तरह विभिन्न प्रकार कि समस्या वाले आवेदन क्रमशः प्राप्त होते गए जिनका निराकरण यथासम्भव समाधान किया गया।

## खबर संक्षेप

### कालेज चलो अभियान 2024-25 का आयोजन



**पन्ना।** छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना द्वारा दिनांक 19.12.2023 को कॉलेज चलो अभियान के अन्तर्गत महारानी दुर्गा राज्य लक्ष्मी विद्यालय पन्ना में डॉ. मनोरमा गुप्ता एवं डॉ. सत्यप्रकाश बैरइया द्वारा कक्षा 12 में अध्ययनरत विद्यार्थियों के हितार्थ महाविद्यालय में अध्ययन कराये जाने वाले विषय, विभिन्न हितग्राही योजना, एनसीसी/एनएसएस, क्रीडा, व्यक्तित्व विकास, कैरियर मार्गदर्शन की योजनाओं एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को पीपीटी द्वारा अवगत कराया गया है।

### जमीनों की फर्जी रजिस्ट्री का मामला उजागर होने से हड़कंप



**पन्ना।** मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में अनियमिता एवं भ्रष्टाचार के मामले आए दिन उजागर हो रहे हैं ऐसा ही मामला किसानों की सैकड़ो एकड़ जमीन की फर्जी रजिस्ट्री करवाए जाने का मामला उजागर होने से हड़कंप मच गया है। मामले के संबंध में भारतीय किसान संघ महाकौशल के पूर्व जिला अध्यक्ष और अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन के जिला अध्यक्ष एडवोकेट रामखेलावन पटेल ने सैकड़ो किसानों के साथ रैली निकालकर पहले सिमरिया तहसीलदार और फिर पन्ना कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर मामले की जांच करवरकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है। श्री पटेल ने बताया कि सिमरिया तहसील क्षेत्र के दर्जनों किसानों की सैकड़ो एकड़ जमीन फर्जी तरीके से भिंड और ग्वालियर के भूमाफियाओं के नाम कर दी गई है किसानों को जब इस बात की भनक लगी तो वह परेशान हो गए और अब किसानों के द्वारा अपनी नकल निकलवा कर पता लगाया जा रहा है। श्री पटेल ने कहा है कि यदि मामले में शीघ्र ही जांच करवा कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई तो किसान संगठन और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन आंदोलन के लिए मजबूर हो जाएगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

### अमानगंज पुलिस ने लगाई वाहन चेकिंग



**अमानगंज।** हाई कोर्ट जबलपुर के निर्देश के बाद पन्ना जिले में पुलिस अधीक्षक पन्ना एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना के मार्गदर्शन में लगातार जिले की पुलिस वाहन चेकिंग लगाकर लापरवाह वाहन चालकों पर कार्यवाही कर रही है तो वहीं दूसरी ओर वाहन चालकों को समझाएंइस दी जा रही है इसी कड़ी में आज अमानगंज थाना प्रभारी महेंद्र सिंह भदोरिया के मार्गदर्शन में अमानगंज सिमरिया मुख्य सड़क मार्ग बाईपास चौराहा पर वाहन चेकिंग लगाकर लापरवाह वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही की एवं 14 चालकों के चालान काटे और 4500 रुपये चालान शुल्क वसूला। साथ ही पुलिस ने मोटर बाइक पर सफर करने वालों से हेलमेट लगाने एवं चार पहिया वाहन पर सफर करने वालों से अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट का प्रयोग करने को कहा वहीं कुछ लापरवाह चालकों को फटकार भी लगाई गई।

### जनता को जागरूक



**अमानगंज।** विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम सिरी एवं बलगहा में आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आयुष्मान कार्ड आधार कार्ड बनाये गये। टीबी मरीज़ों की जाँच एवं उन्हें उपचार प्रदान किया एवं सामान्य मरीज़ों को परीक्षण कर दवा वितरण कर स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया। साथ ही ग्राम के एक टीबी मरीज़ को नागेंद्र सिंह उर्फ़ नीरज राजा द्वारा पोषण आहार सामग्री देकर उसके देखभाल एवं उपचार की ज़म्मिेदारी दी। इस तरह से वह उस मरीज़ की निक्षय मित्र बनें एवं उन्होंने उसकी समय पर देखभाल करने की ज़म्मिेदारी ली है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन

# जन कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

**जिले के सभी जनपद पंचायत अंतर्गत गत रविवार से प्रारंभ हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को भी प्रत्येक विकासखण्ड के दो-दो ग्राम पंचायतों में पहुंची। प्रचार वैन द्वारा निर्धारित रूट अनुसार विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंचकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किया गया।**






पन्ना।

ग्राम पंचायतों में यात्रा के आगमन पर अधिकारियों और स्थानीयजनों ने उत्साह के साथ यात्रा का स्वागत किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम के माध्यम से जनप्रतिनिधियों और अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणजनों को महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। स्टॉल के माध्यम से लोगों के आवेदन पत्र प्राप्त किए गए। कार्यक्रम में उपस्थितजनों को विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनने की शपथ भी दिलाई गई।

विकसित भारत संकल्प योजना के कार्यक्रम में योजनाओं के लाभ प्रदान करने के अलावा जनहितैषी योजनाओं व विकास कार्यों से संबंधित समस्याओं व शिकायतों का निराकरण भी किया गया। प्रचार वाहन में एलईडी स्क्रीन के जरिए ग्रामीणजनों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। नागरिकों ने प्रचार वाहन के साथ सेल्फी स्टैण्ड में सेल्फी और फोटो भी खिंचवाई। नागरिक शिविर के माध्यम से आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना ग्रामीण, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल, स्वामित्व योजना, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हेल्थ कार्ड और उन्नत कृषि यंत्र योजना का लाभ प्राप्त करने के संबध में जानकारी दी गई। साथ ही क्विज प्रतियोगिता के अव्वल प्रतिभागियों को टी शर्ट और कैप वितरित किए गए। पवई जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बिल्हा और बड़खेराकला में यात्रा के कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे और जनपद पंचायत अध्यक्ष मोहिनी मिश्रा भी शामिल हुईं। जनप्रतिनिधियों द्वारा लोगों से अधिकाधिक संख्या में यात्रा में सहभागिता तथा शिविर में उपस्थित होकर लाभ उठाने का आग्रह किया गया। एसडीएम भारती मिश्रा एवं अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा आमजनों को कई महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी गई। जल निगम के प्रबंधक डॉ. नंदकिशोर पचौरी ने क्षेत्र में जल जीवन मिशन परियोजना के क्रियान्वयन और लाभ के बारे में विस्तार से बताया।



# आज भी चर्चा में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आखिरकार सेवा व संकल्प को लेकर सुर्खियों में

**पार्टी जो भूमिका तय करेगा सेवा व संकल्प के साथ दायित्व निभाने को लेकर तैयार-पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान**

पन्ना।

सत्ता के बाद भी सुर्खियों में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज भी चर्चा में बने हुए है। जिनकी भूमिका को लेकर सबकी नजर टिकी हुई है। आखिर हो भी क्यों न। 18 वर्ष जो मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में जाने गये हो जिनकी संवेदनशीलता व तत्परता आम जनता में आज भी सुमार है। वहीं सत्तारूढ़ दल भाजपा राज्य हो या केन्द्र शिवराज की भूमिका तय करने को लेकर कही न कहीं निश्चित ही दायित्व को लेकर जहां क्या जिम्मेदारी मिलेगी उस पर सबकी नजरे टिकी हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश में डॉ. मोहन यादव के मुख्यमंत्री के बनने के बाद पहली बार दिल्ली पहुंचे जहां पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा जी से मुलाकात के बाद मीडिया से भी शिवराज ने भी दरियादिली की बात कही। जिसमें स्पष्टतौर पर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पार्टी जो दायित्व या भूमिका तय करेगी राज्य हो केन्द्र सेवा संकल्प के साथ दायित्व निभाने के साथ हम पीएम मोदी के मिशन में कर्तव्य के रूप में आगे बढ़ेगें। यह लक्ष्य शिवराज सिंह चौहान का अपने आप में सुर्खियों में एक बार फिर सामने आया है। देखना यह है कि आगे क्या जिम्मेदारी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा तय की जायेगी। यहां यह कहें तो अतिश्योक्ति नहीं कि आज भी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को लेकर सबकी नजरे टिकी हुई है। आखिर क्या जिम्मेदारी शिवराज सिंह चौहान को तय की जायेगी क्या होगी भूमिका। चर्चा में पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान आज भी सुर्खियों में जाने जा रहे है।

# जिला दण्डाधिकारी ने ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनुचित प्रयोग को नियंत्रित करने के लिए किया उड़नदस्ता दल का गठन

पन्ना।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी हरजिंदर सिंह ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत आदेश जारी कर निर्धारित मापदण्डों से अधिक सीमा में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग प्रतिबंधित किया है। साथ ही अधिकतम अनुमत ध्वनि सीमा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराने तथा आदेश के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राजस्व अनुविभागवार उड़नदस्ता दल भी गठित किए गए हैं। आदेश के उल्लंघन पर संबंधित के विरूद्ध विधि अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

जिला स्तरीय नोडल अधिकारी का दायित्व अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट को सौंपा गया है। अनुविभागवार गठित उड़नदस्ता दल में एसडीएम सहित संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार/नायब तहसीलदार, नगरीय निकायों के सीएमओ एवं जनपद पंचायत सीईओ, थाना प्रभारी और म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्यपालन यंत्री अथवा इनके द्वारा अधिकृत अधिकारी को शामिल किया गया है। इसके अलावा उड़नदस्ता का थानावार कार्य क्षेत्र भी आवंटित किया गया है। पन्ना अनुविभाग अंतर्गत थाना सिटी कोतवाली पन्ना, देवेन्द्रनगर, मड़ला और बृजपुर, अजयगढ़ अनुविभाग अंतर्गत थाना अजयगढ़ और धरमपुर, गुनौर अनुविभाग अंतर्गत थाना गुनौर, अमानगंज, सलेहा और सुनवानी, पवई अनुविभाग अंतर्गत थाना पवई और सिमरिया तथा शाहनगर अनुविभाग अंतर्गत थाना शाहनगर और रैपुरा शामिल हैं। उड़नदस्ता दल को ध्वनि प्रदूषण के संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित जांच कर अधिकतम 3 दिवस के भीतर कार्यवाही व जांच प्रतिवेदन संबंधित क्षेत्र के एसडीएम को प्रस्तुत किया जाएगा। इसके उपरांत अनुविभागीय दण्डाधिकारी विधिवत कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे। सभी एसडीएम को अपने क्षेत्र अंतर्गत ध्वनि विस्तारण यंत्रों के उपयोग के लिए निर्धारित गाइडलाइन अनुसार अनुमत्य ध्वनि सीमा के तहत ध्वनि मानकों के प्रावधानों का पालन करते हुए सामान्यतः मध्यम आकार के अधिकतम 2 डीजे के प्रयोग की विधिवत अनुमति देने के लिए प्रभारी अधिकारी भी नियुक्त किया गया है। किसी भी संस्था अथवा व्यक्ति द्वारा प्रावधानों के उल्लंघन पर आयोजकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही अनुविभागीय दण्डाधिकारी द्वारा की जा सकेगी। इसके अलावा ध्वनि प्रदूषण नियम 2000 यथा संशोधित नियमों के प्रावधान का पालन कराने के लिए अधिकृत शासकीय अधिकारी-कर्मचारी द्वारा पालन नहीं कराये जाने पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी के विरूद्ध भी यथोचित कार्यवाही की जाएगी। जिला दण्डाधिकारी द्वारा संबंधितजनों को आदेश का गंभीरता से पालन सुनिश्चित कराने और उल्लंघन पर वर्णित अधिनियमों, नियम अंतर्गत न्यायिक और विभागीय कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है।

### क्षेत्र और जोनवार सीमा निर्धारित

सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय और राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देशानुसार ध्वनि प्रदूषण (विनिमय और नियंत्रण) नियम 2000 तथा म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के प्रावधानों के अनुपालन के लिए म.प्र. शासन के गृह विभाग द्वारा विगत 13 दिसम्बर को मापदण्ड स्थापित कर प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए हैं। औद्योगिक क्षेत्र में दिन एवं रात्रि में अधिकतम ध्वनि सीमा क्रमशः 75 और 70 डेसीबल निर्धारित है। इसी तरह व्यवसायिक क्षेत्र में 65 और 55 डेसीबल, आवासीय क्षेत्र में 55 और 45 डेसीबल तथा साइलेंट जोन में 50 और 40 डेसीबल निर्धारित की गई है।



# शिक्षा विभाग के अधिकारियों की मनमानी के विरोध में अतिथि शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

**सीएम की घोषणा का नहीं हो रहा पालन बिना मानदेय अतिथि शिक्षकों को किया जा रहा कार्यमुक्त**

पन्ना।

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री के द्वारा अतिथि शिक्षकों के लिए की गई घोषणाओं एवं राज्य शिक्षण संचालनालय भोपाल के आदेश का पालन नहीं होने एवं पन्ना जिले में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की मनमानी और तानाशाही के विरोध में अतिथि शिक्षक संघ के द्वारा कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। अतिथि शिक्षकों ने बताया कि हम लगातार 14-15 वर्षों से प्राथमिक खंड से हायर सेकेंडरी तक मेहनत और लगन से शैक्षणिक कार्य करते चले आ रहे हैं किंतु पन्ना जिले के प्राचार्यो व विकासखंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा अतिथि शिक्षकों का मानदेय भुगतान नहीं किया जा रहा और उन्हें कार्य मुक्त करने के निर्देश दिए गए हैं। जबकि संचालनालय का ऐसा कोई आदेश जारी नहीं हुआ है। इस प्रकार वरिष्ठ कार्यालय के आदेशों की अवहेलना हो रही है जबकि कार्य मुक्ति के आदेश के बाद निर्वाचन जैसे कार्य में ड्यूटी लगाई गई और हमने सेवाएं भी प्रदान की हैं। किंतु निर्वाचन कार्य के मानदेय का भी भुगतान नहीं किया गया। अतिथि शिक्षकों के लिए लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश भोपाल के आदेश क्रमांक 2023-24/286 भोपाल दिनांक 04/10/2023 द्वारा आदेशित किया गया है कि पूर्व कार्यरत अतिथि शिक्षकों को कार्य से मुक्त न किया जाए, इसी आदेश के अनुसार हम लोग कार्य कर रहे हैं किंतु पन्ना जिले में इन आदेशों का पालन नहीं हो रहा इसके अलावा मुख्यमंत्री के द्वारा की गई घोषणा अनुसार कोई भी नियमित शिक्षक आने पर एक वर्ष का अनुबंध किया जाए जिससे अतिथि शिक्षक नहीं हटाया जाएगा। अतिथि शिक्षकों को नियमित करने की दिशा में योजना बनाई जाएगी ताकि अतिथि शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित हो सके। अतिथि शिक्षकों को प्रत्येक माह निश्चित तारीख को मानदेय प्राप्त होगा, अतिथि शिक्षकों का पद स्थाई किया जाए और अतिथि शिक्षक जिस पद पर है वह पद रिक्त ना माना जाए, पूर्व मुख्यमंत्री की इन घोषणाओं का भी कोई पालन नहीं हो रहा जिससे संपूर्ण अतिथि शिक्षकों को अपना भविष्य अंधकारमय नजर आ रहा है और परिवार के भरण पोषण में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन सौंप कर मामले का शीघ्र निराकरण करने की मांग उठाई गई है समय सीमा में निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन के दौरान अतिथि शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं सैकड़ो की संख्या में अतिथि शिक्षक शामिल रहे।

# स्थानीय लोगों को रोजगार का वादा आखिरकार कम्पनी के इरादे न साफ होने के कारण सपना ही बन गये

## जिले के लोगों को कितने प्रतिशत रोजगार का दावा किया गया था वास्तविकता में आज हालात क्या?

पन्ना।

जे.के. सीमेन्ट कम्पनी जब पन्ना में आने की बात तय हुई तो स्थानीय लोगों में रोजगार को लेकर बड़ी उम्मीदें कायम हुई। वहीं कम्पनी में रोजगार वर्तमान में जिले के लोगों को कितना दिया गया क्या एग्रीमेन्ट हुआ क्या कहता है नियम। बाहर के लोगों को रोजगार के अवसर पन्ना जिले के लोग आज भी रोजगार को लेकर कम्पनी से आश्वासन व निवेदन के हालात में कौन पारदर्शिता का करेगा खुलासा जिले के लोगों को कितने प्रतिशत रोजगार प्रदान करने के लिए एग्रीमेन्ट जिले का या राज्य का आखिरकार क्या है हकीकत। आज भी बताने को कोई तैयार नहीं।




जिले में जे.के. सीमेन्ट कम्पनी के आने की खुशी युवाओं में बाखूबी जानी जा रही थी। वहीं कम्पनी आते वक्त ही कई तरह से चर्चाओं में सुमार रही जमीन अधिग्रहण से लेकर रोजगार देने को लेकर वहीं आज भी हालात जिले के लोगों में कम्पनी से रोजगार न मिलने को आये दिन चर्चा में रहते है। वहीं बात की जाये तो स्थानीय लोगों को रोजगार देने के लिए जिले या राज्य के साथ एग्रीमेन्ट कम्पनी के द्वारा क्या क्रिया गया 60 प्रतिशत या 40 प्रतिशत कितने प्रतिशत लोगों को रोजगार स्थानीय मानकर देने की बात कही गई। यहां यह कुछ कह पाना कठिन है। कम्पनी में स्थानीय लोगों को ठेकेदारों के अंदर में कार्य भले ही देने के लिए उचित माना जाता है पर कम्पनी रोल पर स्थानीय लोगों को रोजगार कितना मिला कोई बताने को तैयार नहीं। और जिले में आज भी युवाओं में कम्पनी के प्रति जो उम्मीदें थी वह आक्रोश के हालात में तब्दील होने लगी। स्थानीय लोगों को रोजगार कौन दिलायेगा क्योंकि कम्पनी तो सायद अपना हितलाभ देखने को लेकर कार्य करना उचित मानेगी। बाहर के लोगों से भी काम लेने में खेल चल रहा है। स्थानीय लोगों के लिए अब कम्पनी की कार्यप्रणाली शंका के हालात में कायम है। वहीं जिले के विकास को लेकर उद्योगों के आने से चहुमुखी विकास की अवधारणा तय होती है। हमारे जिले में जे.के. सीमेन्ट कम्पनी के आने से भी विकास की किरण साफतौर पर मानी जा रही थी। इतना ही नहीं जिस तरह से एन.एम.डी.सी. हीरा खनन परियोजना के साथ उद्योग के रूप में जे.के. सीमेन्ट कम्पनी का आना हुआ जिससे निश्चित ही विकास को लेकर सपने सकार होने के लिए माना जा रहा था। पर इसमें आज भी जरूरत स्थानीय लोगों को रोजगार साथ ही जिले के विकास में कम्पनी की भूमिका उदारवादी दिशा आखिरकार कब तय होगी। समय के साथ हालात बदलते है स्थानीय लोगों को कम्पनी रोल पर रोजगार जो देने की बात सपनों में दिखाई गई थी जिसे कहीं न कहीं कम्पनी के द्वारा जो एग्रीमेन्ट जिला व राज्य के लोगों के लिए रोजगार देने को लेकर किया गया आखिरकार इसका खुलासा कौन करेगा। आखिर क्यों स्थानीय लोगों को कम्पनी रोल पर रोजगार देने पर गुरेज किया जा रहा हैं। क्या जिम्मेदार जनप्रतिनिधि या जिम्मेदार अधिकारी इस पर नजर डालेगें आखिर हमारे जिले के युवाओं को रोजगार के सपने सकार करने के लिए कम्पनी प्रबंधन कब उचित मानेगा। कुछ कह पाना कठिन।

## पंचायत राज अधिनियम की धारा 92 के तहत की गई अधिक भुगतान राशि की वसूली

**पन्ना।** जिला पंचायत कार्यालय द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्वीकृत निर्माण कार्य में ग्राम पंचायतों द्वारा अनियमितता बरतने की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिव और ग्राम रोजगार सहायकों के विरूद्ध पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 92 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किए गए और विधिवत जांच उपरांत गत मई माह से अब तक 5 लाख 79 हजार 802 रूपए की राशि वसूल की गई। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजना अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों में कार्य न कराये जाने, बगैर कार्य के राशि आहरण तथा मूल्यांकन से अधिक राशि आहरित करने के फलस्वरूप अधिक राशि वसूली की कार्यवाही कर जिला और ग्राम पंचायत के खाते में जमा कराई गई है। जनपद पंचायत शाहनगर की ग्राम पंचायत मलघन के ग्राम रोजगार सहायक से 2 हजार 405 रूपए, जरगवां के ग्राम रोजगार सहायक से 22 हजार 90 रूपए, जनपद पंचायत पवई की ग्राम पंचायत मुराछ, झिरांटा, घुटेही, मुरकुछु और मोहन्द्रा के सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक से एक लाख 92 हजार 575 रूपए की वसूली की गई। मुरकुछु और मोहन्द्रा के ग्राम रोजगार सहायक का सात दिवस का मानदेय भी काटा गया। इसी तरह जनपद पंचायत पन्ना की ग्राम पंचायत उमरी में एक लाख 75 हजार 755 रूपए की वसूली की गई। ग्राम पंचायत भटहरमेघा में एक लाख 61 हजार रूपए वसूल किए गए। पंचायत सचिव की एक वेतनवृद्धि भी असंचयी प्रभाव से रोकने की कार्यवाही की गई।

## खबर संक्षेप



### विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ शुभारभ

**बड़वारा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारम्भ बड़वारा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मझगवां से इसकी शुरुआत हुई जहां पर कार्यक्रम में बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के मुख्यातिथ्य में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर 19 विभागों का स्टाल कार्यक्रम में लगा तथा हितग्राहियों ने बड़ी संख्या में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति स्कूली बच्चों के द्वारा की गई तथा बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह सीधे ही हितग्राहियो से रूबरू हुए इस दौरान मंडल अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह, जनपद उपाध्यक्ष राम सेवक दुबे , कार्यालय प्रभारी हर्ष द्विवेदी , बड़वारा तहसीलदार मनीष शुक्ला, सीईओ के के पांडे, खेमचन्द यादव, राजेश चौधरी उर्फ लंगर सहित अन्य गण मान्य जन मौजूद रहे।

### उमरियापान में क्रिकेट ट्राफी 25 दिसंबर से

**उमरियापान।** उमरियापान स्थित अंधेलीबाग ग्राउंड में 25 दिसंबर से लैदरबाल संतोष क्रिकेट ट्राफी का आयोजन किया जाएगा। खेल विकास समिति अध्यक्ष आशीष चौरसिया ने बताया स्पर्धा का आगाज व्हीसीए रीवा और जीसीए जबलपुर टीम के मध्य उद्घाटन मैच से होगा। इसके बाद स्पर्धा में 26 दिसंबर को बाबा बर्फानी विंध्य टीम और जेपी जबलपुर, 28 दिसंबर को एमएस कटंगी और नागौद टीम, 29 दिसंबर को आरसीसी बनखेडी पिपरिया और डीसीए कटनी, 31 दिसंबर को नरसिंहपुर और डब्लूसीआर जबलपुर, 2 जनवरी को सम्राट क्लब सिहोरा और एचवाई उमरिया, 4 जनवरी को बीएचयू बनारस और वाईसीसी उमरियापान, 5 जनवरी को भोपाल और नागपुर टीम के बीच लीग मैच होंगे। 6 जनवरी से क्वार्टर फाइनल मैच और 10 जनवरी को स्पर्धा का फायनल मुकाबला होगा। गौरतलब है उमरियापान में लगभग 30 वर्षो से खेल विकास समिति के संयोजन में उक्त स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। इसका क्षेत्र के खेलप्रेमियों को बेशब्री से इंतजार रहता है।

### मालगाड़ी के डिब्बे बेपटरी

**कटनी।** कटनी- चोपन रेल मार्ग पर ब्यौहारी स्टेशन से आगे सिंगरौली के पहले मालगाड़ी के 6 डिब्बे पटरी से उतर गए हैं जिसके कारण रेल मार्ग बाधित हो गया है। रविवार की दरमियानी रात लगभग 2.30 बजे यह घटना हुई है। इसके बाद से इस लाइन से आने-जाने वाली मालगाड़ियां व यात्री गाड़ियां नहीं चल रही हैं। रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक छह डिब्बे क्षतिग्रस्त हो गए हैं और तीन डिब्बे आंशिक प्रभावित हुए हैं। रात में सूचना मिलते ही यहां रेलवे के अधिकारी पहुंच गए हैं और बचाव कर तेजी से चल रहा है। लगभग 750 मीटर रेलवे लाइन क्षतिग्रस्त हुई है। इसके सुधार कार्य में समय लगेगा। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक लगभग 24 घंटे में सुधार हो पाएगा। इस बीच इस लाइन से आने जाने वाली 19 मालगाड़ियां और छह यात्री गाड़ियां प्रभावित हैं। लगभग सोमवार की देर रात ही यातायात बहाल हो पाएगा। घटना की जांच के लिए टीम भी बन गई है और अधिकारी मौके पर पहुंचकर इस बात की जांच कर रहे हैं कि रेल लाइन से पटरी के डिब्बे किस कारण से उतरे हैं।

### नायब तहसीलदार और काउंसलिंग टीम पहुंची गनियारी

**कटनी।** घरेलू पारिवारिक समस्या से जूझ रही ग्राम गनियारी निवासी 75 वर्षीय सुशीला बाई तिवारी ने कलेक्टर अवि प्रसाद से भेंट कर समस्या के निराकरण कराने का आग्रह किया था। कलेक्टर ने इसके बाद वृद्ध सुशीला बाई के घर जाकर मौका मुआयाना करने नायब तहसीलदार अजीत तिवारी को निर्देशित किया था। कलेक्टर के निर्देश पर गनियारी पहुंचे नायब तहसीलदार और महिला एवं बाल विकास विभाग की काउंसलिंग टीम एवं दो सुपरवाईजर ने सुशीला बाई के परिवारजनों और बेटों से बात कर उन्हे समझाईश दिया।

### लुगासी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी न करने पर डॉक्टरों के खिलाफ ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

# जिले में कुकुरमुत्ता की तरह पनप रहे झोलाछाप डॉक्टर, सीएमएचओ ने कहा स्टाफ की कमी है




**छतरपुर।** प्रदेश, जिले के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए शासन प्रशासन द्वारा तमाम प्रयास किया जा रहे हैं। लेकिन उनके प्रयासों को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी पलीता लगाए हुए हैं। जिले में कुकरमुत्ता की तरह पनप रहे झोलाछाप डॉक्टर। जबसे छतरपुर जिले में सीएमएचओ डॉक्टर तिवारी ने चार्ज लिया, तभी से झूला छाप डॉक्टरों की संख्या डबल हो गई है। इस संबंध में जब सीएम एचओ में से बात की जाए तो वह स्टाफ और डॉक्टर की कमी का हवाला देते है। शासन प्रशासन के स्पष्ट निर्देश है कि डॉक्टर, स्टाफ नर्स मुख्यालय पर रहे, लेकिन इसके विपरीत होता है और हफ्ते, महीने में हाजरी पूर्ण करने के लिए जाते है। जिसके बदले में बीएमओ, सीएमएचओ को प्रत्येक माह नजराना देते है। जिससे जिले के अधिकारियों का कोई डर नही रहता है।

### सीएमएचओ डॉक्टर तिवारी के सामने जिला प्रशासन नतमस्तक



जिला प्रशासन को यह अच्छे से जानकारी है कि सीएमएचओ ना तो कभी कार्यालय में बैठते हैं, और ना ही जिले के स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण करते हैं। इसके अलावा जिले की कई बैठकों में स्वयं अनुपस्थित रहते हैं, और अधीनस्थ अमले को भेज देते हैं। फिर भी जिला प्रशासन सीएमएचओ डॉक्टर लखन तिवारी के सामने नतमस्तक है। छतरपुर कलेक्टर संदीप जी.आर. अपने शांत सरल व्यक्तित्व के अनुरूप स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसी के चलते वह अपनी पदस्थापना से लेकर कई बार जिला अस्पताल व जिले के स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण कर चुके, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और डॉक्टर पर इसका कोई फर्क नहीं पड़ा है। विगत दिनों जनसुनवाई के दौरान कार्रवाई करने के निर्देश छतरपुर कलेक्टर द्वारा सीएमएचओ डॉक्टर लखन तिवारी को दिए गए थे। फिर भी डॉक्टरों पर कोई कार्यवाही नहीं की है। बल्कि कलेक्टर के निर्देश का फायदा उठाकर जिले के झोलाछाप डॉक्टरों से लाखों की अवैध वसूली कर डाली है।

सीएमएचओ डॉक्टर लखन तिवारी आठवीं फेल झोलाछाप डॉक्टर एमबीबीएस डॉक्टरों की तरह पर्चे बनाकर दवाइयां लिख रहे और गरीब जनता की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। इन झोलाछाप डॉक्टरों को जिले के आला अधिकारियों का कोई डर नहीं रहता है। डॉक्टर लखन तिवारी ने झोलाछाप डॉक्टरों के हौसले इतने बुलंद कर दिए हैं कि उन्हें अब आम जनता की जिंदगी के साथ खिलवाड़ करने में कोई डर नहीं लगता है। अगर झोलाछाप डॉक्टरों से बात की जाए, तो वह कैमरे के सामने बोलकर कहते हैं कि सीएमएचओ लखन तिवारी प्रत्येक माह हमसे वसूली करते है। ऐसे झोलाछाप डॉक्टरों के सैकड़ो वीडियो है, जिसमें प्रत्येक माह की वसूली को लेकर झोलाछाप डॉक्टरों ने जिले के सीएमएचओ डॉक्टर तिवारी पर अवैध वसूली की आरोप लगाए




हैं। जिले के अधिकतर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बंद रहते, जिस बजह से ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिले के अधिकतर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बंद मिलते हैं या वहां डॉक्टर उपलब्ध नहीं मिलते हैं। स्वास्थ्य केंद्र बंद होने के कारण ग्रामीण झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज करने को मजबूर है। झोलाछाप डॉक्टरों के कारण कई बार गलत इलाज के चलते ग्रामीणों की जान भी जा चुकी है, उसके बावजूद जिला प्रशासन द्वारा इन झोलाछाप डॉक्टरों पर उचित कार्यवाही नहीं होती। छतरपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए शासन द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोले गए हैं। जहां पर डॉक्टरों, स्टाफ नर्सों की नियुक्ति की गई है। इन डॉक्टरों के वहां रहने के लिए सभी सुविधाएं स्वास्थ्य स्वस्थ केंद्रों पर उपलब्ध है। लेकिन अधिकतर डॉक्टर अपने रसूक और कामचोरी के कारण ज्यादातर स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध नहीं रहते हैं। जिस कारण ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसका लाभ सीधे-सीधे झोलाछाप डॉक्टर जो ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से अपनी क्लिनिको का संचालन कर रहे हैं, वह उठा रहे हैं। इन स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ डॉक्टर और गांवों के झोलाछाप डॉक्टर स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को पर्याप्त मात्रा में सुविधा शुल्क देते हैं। जिस वजह इन पर कोई कार्रवाई नहीं होती है।

नौगांव ब्लॉक के ग्राम पंचायत लुगासी में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉक्टरों के द्वारा ड्यूटी न करने और मुख्यालय पर नही रहने के संबंध में ज्ञापन सौंपा है। ग्राम सहित क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक ग्रामीण रहवासियों को स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पा रहा है। डॉक्टर गौरव त्रिपाठी सहित अन्य जो डॉक्टर की पदस्थापना स्वास्थ्य केंद्र में है इन्हें बीएमओ के द्वारा लुगासी स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी न कराकर सिविल अस्पताल नौगांव में डयूटी करवाई जाती है। जिसके चलते ग्रामीणों को मजबूरी में झोलाछाप डॉक्टरों के पास या नौगांव के सिविल अस्पताल अथवा जिला अस्पताल का रुख करना पड़ रहा है।

**इनका कहना है -**

आपके द्वारा जानकारी मिली है। मैं अभी कलेक्टर और जे.डी. स्वास्थ्य विभाग सागर से बात कार्यवाही करवाता हूं।

**बीरेंद्र सिंह रावत**
**कमिश्नर, सागर**



## जनसुनवाई में आये 101 आवेदन

**छतरपुर।** मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में सीईओ जिला पंचायत तपस्या परिहार द्वारा जिला स्तरीय जनसुनवाई में आम लोगों से प्राप्त 101 आवेदनों की सुनवाई की गई। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायती आवेदनों का परीक्षण करते हुये संबंधित विभाग को आवेदन निराकरण हेतु सौंपे गये। जनसुनवाई में जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही दिव्यांगों एवं बुजुर्गों की अलग से समस्या सुनी। जनसुनवाई में शिक्षा, राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास, विद्युत मण्डल, स्वास्थ्य, खाद्य, श्रम, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न शिकायती आवेदन प्राप्त हुये।

## एक सप्ताह में तीसरा सर्राफा व्यापारी बना निशाना

**जिले में चोरी और लूट की घटनाओं में इजाफा**

**छतरपुर।** जिले में चोरी और लूट की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। पिछले लगभग एक सप्ताह से हर रोज जिले के किसी न किसी इलाके से चोरी की घटना सामने आ रही है। इसी क्रम में सोमवार की रात करीब साढ़े 8 बजे छतरपुर शहर में मोटे के महावीर मंदिर और सागर रोड के बीच चार अज्ञात बदमाशों ने एक सर्राफा कारोबारी पर जानलेवा हमला कर उसे लूट लिया। उसके पास मौजूद लगभग 20 लाख रूपए कीमत के आभूषण थे जिसे बदमाश अपने साथ ले गए। पीड़ित की शिकायत पर मंगलवार की सुबह पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ऐसे हुई वारदात

पीड़ित व्यापारी सुनील सोनी निवासी शांति नगर कॉलोनी थाना सिविल लाइन ने बताया कि बीती रात वह रोज की तरह मोटे के महावीर मंदिर के सामने स्थित अपनी दुकान को बंद कर घर वापिस जा रहा था इसी दौरान कॉलोनी के अंदर वाले रास्ते में तीन-चार अज्ञात लोगों ने उसे रोककर मारपीट शुरू कर दी। मारपीट करने के बाद बदमाश उसका बैग छीन ले गए जिसमें 15 से 20 लाख रुपए के आभूषण थे। सुनील सोनी द्वारा शोर मचाए जाने के बाद आसपास के लोग एकत्रित हो गए लेकिन तब तक बदमाश घटना को अंजाम देकर भाग चुके थे। स्थानीय लोग सुनील को जिला अस्पताल ले गए जहां उसका इलाज किया गया। सुनील के सिर और हाथ में चोट आई है।

### पुलिस ने किया घटना स्थल का निरीक्षण

सुनील की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने मामला पंजीबद्ध करते हुए मंगलवार की सुबह घटना स्थल का निरीक्षण किया और जांच में जुट गई है। वहीं दूसरी ओर लगातार हो रही चोरियों के चलते व्यापारियों में पुलिस के प्रति नाराजगी देखने को मिल रही है। गौरतलब है कि पिछले एक सप्ताह के भीतर सर्राफा व्यापारियों से चोरी की यह तीसरी घटना सामने आई है। इससे पहले राजनगर और बमीठा में अज्ञात चोर आभूषण विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों को निशाना बना चुके हैं। एक सप्ताह में आधा दर्जन वारदातें सामने आयीं पिछले एक सप्ताह में जिला चोरी और लूट सहित हत्या जैसी वारदातों से थर्रा उठा है। जिले में एक सप्ताह के भीतर चोरी की तीन बड़ी घटनाओं सहित लूट का यह मामला व हत्या के दो मामले सामने आ चुके हैं। पुलिस को कुछ घटनाओं में अहम सुराग हाथ लगे हैं लेकिन ज्यादातर घटनाओं में उसके हाथ खाली हैं।

## मेला महोत्सव के तहत नपा द्वारा आयोजित 68 वें महाराजा छत्रसाल लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन हुए पांच मुकाबले

**नौगांव।** नगर में खेलों में क्रिकेट का अलग ही महत्व है ,शहर के राजा यादवेन्द्र सिंह स्टेडियम में मेला महोत्सव के तहत खेले जा रहे 68 वें महाराजा छत्रसाल लोकल मेला क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को पहला मुकाबला पावर हिटर और नीरज डैन बाइल्जीरियन के मध्य खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर बाइल्जीरियन ने पहले खेलते हुए निर्धारित 6 ओवर में 99 रन का स्कोर खड़ा किया। जिसमें बल्लेबाज नीरज ने 44 रन और लाली ने 33 रन का योगदान दिया। 99 रनों के जवाब में बैटिंग करने उतरी पावर हिटर की टीम मात्र 33 रन ही जोड़ सकी जिसके चलते नीरज डैन टीम ने 66 रनों से मैच जीत लिया। दिन का दूसरा मुकाबला एटी स्पोर्ट्स और लिटिल चैंप्स के मध्य खेला गया। जिसमें लिटिल चैंप्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 ओवर में 34 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। 34 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी एटी स्पोर्ट्स की टीम ने 5.1 ओवर में यह मुकाबला जीतकर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया। दिन का तीसरा मुकाबला ग्रीन पिपरी और ओम साईं राम के मध्य खेला गया। जिसमें ओम साई राम टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 6 ओवर में 55 रन बनाए। ओम साईं राम की तरफ से जीत के लिए दिए 56 रनों के लिए ग्रीन पिपरी ने बैटिंग करते हुए यह मुकाबला 5 ओवरों से जीत लिया। ग्रीन पिपरी की तरफ से बल्लेबाज मनोज ने 14 एवं गौतम ने 15 रनों का शानदार योगदान दिया। चौथा मुकाबला एमके मेमोरियल और न्यू गोल्डन ए के मध्य खेला गया। जिसमें न्यू गोल्डन ए ने पहले बैटिंग करते हुए धुंआधार बल्लेबाजी कर शानदार 82 रन बनाए। जिसके जवाब में एम के मेमोरियल के बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर पाए और पूरी टीम मात्र 36 रन ही बना पाई। इस कारण से न्यू गोल्डन ए ने 46 रनों से यह मुकाबला जीत लिया। दिन का पांचवा और अंतिम मुकाबला एसजे जूनियर और नवयुग आईटीआई के मध्य हुआ। जिसमें एसजे जूनियर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 6 ओवर में रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नव युग आईटीआई टीम का कोई बल्लेबाज एसजे जूनियर के गेंदबाजों के सामने नहीं टिक सका और पूरी टीम मात्र 24 रन पर ऑलआउट हो गई। मैचों में अंपायर की भूमिका में पहले मैच में निर्णायक भूमिका में मेन अंपायर संजीव साहू और लेग अंपायर इसराज कुरैशी रहे। दूसरे मैच में निर्णायक अंपायर यशवंत सिंह और लेग अंपायर मयंक अग्रवाल रहे। इसी तरह तीसरे मैच में मैन अंपायर की भूमिका में विनीत रावत और लेग अंपायर की भूमिका अंकित पाटकर ने निभाई। चौथे मुकाबले में मेन अंपायर संदीप साहू और लेग अंपायर अभिषेक सोनू साहू रहे जबकि मैचों में स्कोरर यतेंद्र सिंह सेंगर और आयुष सक्सेना रहे कमेंट्रेटर में राजपाल सिंह राजपूत, मनोज कुशवाहा, और अरशद इकबाल रहे।

## इलाज के दौरान हुई वृद्ध की मौत, ईशानगर थाना क्षेत्र की घटना



**छतरपुर।** ईशानगर थाना क्षेत्र के ग्राम पनौठा में एक वृद्ध दुकानदार ने गांव के एक युवक की उधारी करने से इंकार कर दिया था जिससे नाराज होकर युवक ने अपने भाई के साथ मिलकर वृद्ध के साथ मारपीट कर दी। बेरहमी से की गई मारपीट में वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजन उसे जिला अस्पताल लाए थे जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पनौठा निवासी अजय कुशवाहा ने उसके बताया कि उसके 98 वर्षीय दादा तुलसिया कुशवाहा गांव में ही किराना दुकान संचालित करते हैं। सोमवार को गांव का काशीराम कुशवाहा दुकान पर कुछ सामान खरीदने के लिए आया था और उसने तुलसिया से 70 रुपए की उधारी करने के लिए कहा। जब तुलसिया ने उधारी करने से मना किया तो काशीराम ने नाराज होकर मारपीट शुरू कर दी। किसी तरह घर के लोगों ने तुलसिया को बचाकर काशीराम को भगा दिया था। कुछ समय बाद काशीराम अपने भाई हरिदास को लेकर वापिस आया और इसके बाद दोनों ने मिलकर तुलसिया को बेरहमी से पीटा। मारपीट में घायल हुए वृद्ध तुलसिया को परिजन जिला अस्पताल लाए थे जहां मंगलवार की सुबह इलाज के दौरान तुलसिया की मौत हो गई। चूंकि अभी ईशानगर थाने में मामला दर्ज नहीं हुआ है, इसलिए अस्पताल चौकी की पुलिस ने मर्ग कायमी की कार्यवाही करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया है।

## बाईक चालक ने वृद्ध महिला को मारी टक्कर एंबुलेंस में खून की उल्टियां हुईं तो स्टाफ ने उतारा, हुई मौत



**बमीठा।** जिले के थाना क्षेत्र के बमीठा-रनगुवां मार्ग पर हरपुरा तिगैला के पास बीती शाम करीब 7 बजे एक बाईक चालक ने वृद्ध महिला को जोरदार टक्कर मार दी और सिर में चोट आने के कारण महिला की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद वे एंबुलेंस से इलाज के लिए जा रहे थे लेकिन रास्ते में खून की उल्टियां होने पर स्टाफ ने उन्हें नीचे उतार दिया था।प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम जंगीपुरा (पथरगुवां) की रहने वाली भंति पत्नी तिजवा रैकवार उम्र 65 वर्ष सड़क के किनारे से जा रही थी तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे बाईक चालक ने उसे टक्कर मार दी। घटना के बाद बाईक चालक मौके से भाग निकला। आसपास के लोगों ने महिला के पुत्र को खबर दी, जिसके बाद पुत्र छोटू गंभीर हालत में एंबुलेंस की मदद से घायल भंति रैकवार को अस्पताल ले जा रहा था। छोटू का आरोप है कि रास्ते में भंति को खून की उल्टियां होने लगी जिस कारण से एंबुलेंस के स्टाफ ने उन्हें आगे ले जाने से इंकार कर दिया। मजबूरी में परिजन घायल महिला को वापिस घर ले गए जहां सुबह करीब 4 बजे भंति की मौत हो गई। सुबह पुलिस को घटना की सूचना दी गई जिसके बाद पुलिस ने राजनगर में शव का पीएम कराया और जांच शुरू कर दी।

## परमात्मा की याद में रहते हुए सांसारिक कर्म करना ही सहज राजयोग है

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन के नेतृत्व में माउंट आबू राजस्थान के ज्ञान सरोवर के बीके रोहित भाई द्वारा 18 जनवरी तक चलने वाले योग तपस्या भटटी कार्यक्रम का शुभारंभ कराया गया । जिसमें सभी भाई बहनों ने परमात्मा के ध्यान में रहते हुए योग साधना की शिक्षा ग्रहण की। बीके रोहित भाई ने राजयोग का अभ्यास और अनुभव करते हुए कहा कि ज्योति बिंदु स्वरूप व शांति रूपी स्वधर्म में स्थित होकर सर्व आत्माओं के परमपिता परम ज्योति बिंदु निराकार परमात्मा की याद में रहते हुए सांसारिक कर्म करना ही सहज राजयोग है । राजयोग कोई एक वह दो घंटे की सीमित व्यायाम नहीं, अपितु सकारात्मक स्वस्थ्य व खुशहाल जीवन जीने की कला और शैली है। आध्यात्मिक ज्ञान व राजयोग ज्ञान के नियमित अभ्यास द्वारा मानव अपने में दानव से देव बनने की आंतरिक शक्ति गुण व क्षमता विकसित कर सकता है । कार्यक्रम के अंत में सभी को ईश्वरीय प्रसाद दिया गया । इस अवसर पर बीके दुर्गा बहन, सविता बहन, सुमन बहन, सीमा बहन, शिवानी बहन, ज्योति बहन, मेघा सहित अन्य भाई बहनों की उपस्थिति रही।

## कैलाश यादव हत्याकाण्ड में 4 आरोपियों पर मुकदमा

**शराब के नशे में विवाद के बाद चली थी गोली**

**छतरपुर।** जिला मुख्यालय की निकटवर्ती ग्राम पंचायत पठापुर के पूर्व सरपंच एवं विश्वनाथ कॉलोनी में रहने वाले प्रॉपर्टी कारोबारी कैलाश यादव की हत्या के मामले में कोतवाली पुलिस ने उसके चार दोस्त ऋषेन्द्र मिश्रा, वेदांत तिवारी, मुलायम यादव सहित सतेन्द्र सिंह ठाकुर पर धारा 302, 34 आईपीसी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मर्ग जांच में मृतक के भाई रामस्वरूप यादव के बयानों के आधार पर यह मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्र बताते हैं कि इस मामले में एक आरोपी मुलायम यादव उर्फ मोनू पुलिस के हत्थे चढ़ गया है जिसने घटना की रात का खुलासा किया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक रविवार की रात वेदांत तिवारी का जन्मदिन था। इसी जन्मदिन को मनाने के लिए पांचों लोग अपनी दो गाडिय़ों से फोरलेन पर बने डोरमेट्री कैन्टीन पर पहुंचे थे। यहां पर पहले सभी दोस्तों ने मिलकर शराबखोरी की इसके बाद जन्मदिन का केक काटा गया और फिर मौके पर मौजूद ऋषेन्द्र मिश्रा और कैलाश के बीच जमीन के मामले को लेकर कहासुनी हो गई। इसी कहासुनी के कारण मौके पर मौजूद एक पिस्टल से गोली चली जो कैलाश यादव को लग गई। अचानक हुई गोलीबारी की घटना के बाद सभी आश्चर्यचकित हो गए और घबराकर अपनी गाड़ी से मिशन अस्पताल लेकर आए। यहां वेदांत तिवारी ने कैलाश के भाई रामस्वरूप को फोन लगाकर बुलाया और कैलाश को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद मौके से फरार हो गए। कैलाश की हालत बिगडऩे के बाद उसे झांसी ले जाया गया जहां सुबह करीब 4 बजे उसने दम तोड़ दिया।इस मामले में पहले दुर्घटना और हत्या के बीच संदेह की खबर सामने आ रही थी लेकिन अब पुलिस ने भाई के बयानों के आधार पर चारों आरोपियों के विरूद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली टीआई अरविंद कुजूर ने बताया कि सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए क्षेत्र में दबिश दी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### जिले में एक और बाईपास की मिली बड़ी सौगात

रीवा। गोविंदगढ़ के लोगों को भारी वाहनों से राहत मिलने की उम्मीद जगी है। अब कस्बे के अंदर से होकर भारी वाहन नहीं गुजरेंगे। क्षेत्र में नवीन बाईपास का निर्माण किया जाएगा। इसकी स्वीकृति पीडब्ल्यूडी से मिल गई है। करीब 19 करोड़ 40 लाख की लागत से 4 किमी लंबा बाईपास बनाया जाएगा। गोविंदगढ़ बाईपास (स्टेट हाइवे गोविंदगढ़, चुरहट एवं गोविंदगढ़-बेला) को लोक निर्माण विभाग ने स्थाई वित्तीय समिति की 250वीं बैठक में अनुमोदित कर स्वीकृति दी है स्थानीय विधायक नागेंद्र सिंह ने इस मसले को लेकर पूर्व में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गड़करी को पत्र लिखा था, जिसमें गोविंदगढ़ बाईपास बनाने की मांग रखी थी। विगत सितम्बर में बदवार स्थित रीवा-सीधी टनल के उद्घाटन के दौरान रीवा दौरे पर आए केन्द्रीय मंत्री नितिन गड़करी से उन्होंने एक बार फिर गोविंदगढ़ बाईपास बनाने के लिए पत्राचार किया था। जिस पर लोक निर्माण विभाग ने 1 अक्टूबर को वित्तीय स्वीकृत देकर बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा कर दिया। गोविंदगढ़ बाईपास बन जाने से न केवल गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा बल्कि रीवा-सीधी व सतना के लोगों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी का माध्यम बनेगा। इसके अलावा, बहुप्रतीक्षित मांग डीही- महसांव मुख्य मार्ग निकलने वाली पड़रिया से महिया तक पहुंच मार्ग 297 लाख रुपए की लागत से 3 किलोमीटर लंबाई की सड़क निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी ने स्वीकृति दी है। इस सड़क के बन जाने से कई गांवों के लोग लाभान्वित होंगे। अब चुनाव निपट चुके हैं। ऐसे में शीघ्र ही उक्त दीनों मार्ग के निर्माण की कार्यवाही विभाग द्वारा आरम्भ की जायेगी।

### नैनो यूरिया के झिड़काव का प्रदर्शन किया गया



रीवा । विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विकास खण्ड रीवा के ग्राम हर्दी एवं बम्हौरी में कृषि विभाग द्वारा किसानो को मिटटी नमूना लेने की विधि के साथ-साथ मिट्टी परीक्षण के उपयोगिता के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही किसानों को प्राकृतिक खेती के संबंध में जानकारी भी दी गई। गाँव के किसानों को ड्रोन का प्रदर्शन कर नैनो यूरिया का गेहूँ की फसल में छिड़काव कर ड्रोन द्वारा कम समय में अधिक क्षेत्र में छिडकाव के बारे में लाभ से अवगत कराया गया। ग्राम बम्हौरी में नोडल ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा मिट्टी परीक्षण हेतु नमूना लेने की विधि, प्राकृतिक खेती, बीजामृत जीवामृत घन, जीवामृत नीमास्त्र, ब्राम्हास्त्र आदि बनाने की विधि एवं उपयोगिता के साथ ही नैनो यूरिया का ड्रोन की सहायता से छिडकाव आदि विषयों पर किसानो को विस्तार से जानकारी दी गई।

### मतदाता सूची के पुनरीक्षण का प्रशिक्षण आज

रीवा । निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार एक जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के अनुसार मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए प्रारूप का प्रकाशन 6 जनवरी को किया जाएगा। मतदाता सूची के पुनरीक्षण के संबंध में विधानसभा रीवा क्षेत्र के सभी बीएलओ तथा सुपरवाइजरों को 20 दिसम्बर को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण शासकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में एसडीएम हुजूर तथा रजिस्ट्रीकरण अधिकारी डॉ अनुराग तिवारी ने बताया कि प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर डॉ जितेन्द्र कुमार आर्य तथा डॉ हुलास पन्ड्रो निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण देंगे।

### रोजगार मेला आज

रीवा । जे.एन.सी.टी. कॉलेज रतहरा रीवा में 20 दिसंबर को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश कार्यक्रम के तहत जिले के बेरोजगार युवकों-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये जिला रोजगार कार्यालय, जेएनसीटी कालेज रीवा तथा वर्क टूगेदर रीवा के संयुक्त तत्वावधान में इस रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

## आबकारी उपायुक्त ने बनवाया सिंडीकेट

# ठेकेदार एक दूसरे की पीठ पर घोंप रहे छुरा

**जिला आबकारी अधिकारी ने अपने निजी स्वार्थ के लिए शराब ठेकेदारों की लगाम ढील दी। हालात यह हो गये कि शहर से लेकर गांव तक के शराब ठेकेदार सुरा प्रेमियों की जेब पर डाका डालने लगे। मीडिया ने इस बात पर जब उछाल मारा तो संभागीय उडऩदस्ता आबकारी उपायुक्त आलोक खरे की नींद खुल गई।**

रीवा।




जिला आबकारी अधिकारी की करतूत से विभाग की छवि धूमिल होते देख आबकारी उपायुक्त ने हाल ही में 13 दिसबंर को शहर के शराब ठेकेदारों की बैठक ली और स्पष्ट निर्देश दिया की एमआरपी और एमएसपी के बीच में शराब की बिक्री करे। मजे की बात तो यह है कि जिला आबकारी अधिकारी के आगे आबकारी उपायुक्त के फरमान की दाल नहीं लगी और मुनाफे के लिए शराब ठेकेदार एक-दूसरे की पीठ पर ही छूरा घोंपने लगे। कोई होम डिलेवरी में तेजी ला दिया तो कोई शहर से बाहर शराब की खेप भेजने में पूरी ताकत झोंकने लगा। नौबत यहां तक आ गई कि ग्रामीण अंचल के शराब ठेकेदार के गुर्गे ठुठरन भरी ठंड में रात नाकेबंदी पर आंख फाड़ कर बैठने लगे और शहर के शराब कारोबारी होम डिलेवरों के आगे अपने माथे पर हाथ धर कर बैठ गये।

### आर्या ग्रुप के ठेकेदार में नहीं आ रही सुधार

आश्चर्य की बात तो यह है कि समान नाका शराब दुकान के लाईसेंसी आर्या ग्रुप के ठेकेदार की आदत में सुधार नहीं आ रहा है। आये दिन उसकी शराब ग्रामीण अंचल में पकड़ी जाती है। राजनैतिक पहुंच और गांधी जी के सहारे ठेकेदार तो आरोपी बनने से बच जाता है लेकिन उसके कारिदें कानूनी शिकंजे में फंस ही जाते है। नईगढ़ी पुलिस ने आर्या ग्रुप की कई बार शराब पकड़ी यहां तक की उसके मैनेजर को भी आरोपी बनाया लेकिन उसके बावजूद भी ठेकेदार अपनी आदतों से बाज नहीं आया। सोमवार की रात समान नाका स्थित आर्या ग्रुप द्वारा भेजी गई शराब की खेप रायपुर कर्चुलियान पुलिस ने पकड़ ली। ठेकेदार को छोड़ कर थाना प्रभारी ने 7 पेटी शराब के साथ तस्कर आशीष विश्वकर्मा पिता छोटेलाल निवासी समान नाका कोरियान मोहल्ला, आलोक दुबे पिता राजमणि दुबे निवासी रतहरी को गिरफ्तार करने के साथ ही आर्या ग्रुप के मैनेजर अंकित सिंह महगना और कर्मचारी अभिषेक सिंह को आरोपी बनाया है। तस्करों से पुलिस ने पांच पेटी देशी एंव दो पेटी विदेशी गोवा शराब जब्त की है।

### एक दिन के लिए शहर की बंद होंगी शराब की बड़ी दुकानें

जिला आबकारी अधिकारी के संरक्षण पर शहर के ठेकेदार एमएसपी से कम दामों पर शराब की बिक्री कर रहे थे। यहां तक की दो बोतल के साथ एक बोतल शराब फ्री में दिया जा रहा था। इस बात की जानकारी लगते ही मीडिया में जमकर उछाल हुआ। आबकारी विभाग पर पड़ रहे छींटो को साफ करने सर्किल प्रभारियों ने शहर की बड़ी दुकानों में खरीदी करवाई। मजे की बात तो यह है कि सिरमौर चौराह दुकान में 10 दिसबंर को आबकारी विभाग ने खरीदी करवाने पर बैगपाइपर व्हिस्की को एमएसपी से 58 रूपये कम में बिक्री करते हुए पाया। जबकि और इसी तरह और भी ब्रांड एमएसपी से कम दरों पर बेची जा रही थी। फिलहाल सर्किल प्रभारी ने एक ही ब्रांड की खरीदी करवा कर अपना कोरम पूरा करते हुए लाईसेंसी के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर उच्च अधिकारियों की टेबिल पर रख दिया। इसी प्रकार शहर की बड़ी दुकानों में भी खरीदी करवा कर प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। हाल ही में 13 दिसबंर को आबकारी विभाग ने ठेकेदारों को नोटिस थमाते हुए स्पष्टीकरण मांगी है। अब यह तय माना जा रहा है कि किसी भी दिन कलेक्टर उक्त दुकानों का एक दिन के लिए लाईसेंस निलंबित कर शटर गिराये जाने का फरमान जारी कर सकते हैं।



## विकसित भारत यात्रा के माध्यम से मिल रहा है ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं का लाभ

### केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के बारे में आमजन को दी जा रही है जानकारियाँ

रीवा ! विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंच रही है। यात्रा के माध्यम से लोगों को विभिन्न केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खास तौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। यात्रा का उद्देश्य जन सामान्य में योजनाओं का प्रचार प्रसार एवं जागरूकता पैदा करना है। वंचितों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। लाभार्थियों के व्यक्तिगत कहानियों एवं अनुभव साझा करने के माध्यम से सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी एकत्रित की जा रही है। यात्रा के दौरान प्राप्त आवेदनों के आधार पर संभावित लाभार्थियों का नामांकन व चयन भी किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित की जा रही है। प्रचार प्रसार हेतु वीडियो वैन में आडियो, वीडियो, ब्रोसर आदि सामग्री उपलब्ध है। यात्रा के दौरान विभागीय स्टालों में योजनाओं की जानकारी देने व हितलाभ के लिए आवेदन प्राप्त करने का कार्य किया जा रहा है। शिविरों में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच तथा दवा वितरण की भी व्यवस्था करायी गयी है। जनपद मऊगंज के ग्राम पंचायत मुदरिया चौबान, हिड़वार, जनपद हनुमना के ढ़ाबा तिवरियान, चिरौया, जनपद सेमरिया के ग्राम पंचायत बुसौल में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित अभियान मे आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीन दयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्जावला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, पीएम पोषण योजना, हर घर जल जल जीवन मिशन, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग,स्वाइल हैल्थ कार्ड उन्नत कृषि यंत्र वितरण आदि को शामिल किया गया है । इसी तरह शहरी क्षेत्रों में आयोजित अभियान में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत , पीएम आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), उज्ज्वला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधौसंरचना आदि का यात्रा के दौरान लाभ हितग्राहियों को दिलाया जा रहा है।

## तालाबों पर अतिक्रमण की होड़, प्रशासन इन्हें संरक्षित करने को लेकर बेफिक्र

रीवा



इन दिनों रीवा जिले मे जलाशयों और तालाब मे कब्जे की होड़ लगी हुई है बढ़ती आबादी ने इनका अस्तित्व मिटाना शुरू कर दिया है। बचे तालाब अवैध कब्जे और अतिक्रमण की चपेट में हैं। प्रशासन भी इन्हें संरक्षित करने को लेकर बेफिक्र है। स्थानीय तहसील के कई गांवों में तालाब अतिक्रमण के चलते सिमटते जा रहे हैं। वहीं कई तालाबों को क्रय-विक्रय कर दिया गया है। पूर्व में ग्रामीणों की शिकायत पर तहसील प्रशासन ने इस तालाब से अतिक्रमण हटाने का प्रयास किया था, लेकिन विरोध व कब्जेदारों के अनुनय-विनय पर कार्रवाई को टाल दिया गया। तालाबों को बचाने और नए तालाब के निर्माण के लिए जिम्मेदार अपने उत्तरदायित्वों से विमुख हैं। जल संरक्षण के नाम पर सरकार करोड़ों रुपये पानी की तरह बहा रही है, लेकिन अतिक्रमण से विलुप्त हो रहे और सूखे तालाब दावों की पोल खोल रहे हैं। इसी तरह अतरैला गांव में लगे पूछीं तालाब में एक अन्य तालाब पर भी अवैध कब्जा कर झुग्गी-झोपड़ी और पक्का मकान बना लिया गया है तालाब का भीटा (मेड) पूरी तरह खत्म कर पक्के मकान बना लिया गया जो कि तालाब मेंड़ खत्म कर दिया गया है। वहीं परिहारिन पुरवा का तालाब के भीटे में कई घर बना लिया गया है। जवा तहसील में तो भूमफिया ने तालाबों की क्रय विक्रय तक कर लिया गया। धरातल पर तालाब का नामोनिशान नहीं दिख रहा है। वहीं ग्राम पंचायत अतरैला में सरकारी जमीनों पर कब्जा कर पक्के मकान बना कर किराए में चलाया जा रहा है यहां तक कि बैंक चलाएं जा रहें।

# जन सुनवाई में 42 आवेदन पत्रों में हुई सुनवाई



रीवा

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जन सुनवाई में आमजनता के 42 आवेदन पत्रों में सुनवाई की गई। अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने आवेदनों की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के निराकरण के निर्देश दिए। जन सुनवाई में संयुक्त कलेक्टर आरके सिन्हा, डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले तथा तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला ने भी आवेदन पत्रों में सुनवाई की। अपर कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्धारित समय पर जन सुनवाई में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने तथा प्रकरणों का सात दिवस में निराकरण करने के निर्देश दिए। जन सुनवाई में दोनों हाथों से दिव्यांग पप्पू प्रजापति निवासी ग्राम बरवाह ने 35 किलो खाद्यान्न देने तथा अगस्त माह से रूकी पेंशन का भुगतान कराने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। संयुक्त संचालक ने बताया कि आवेदक को अक्टूबर माह तक की पेंशन का भुगतान किया जा चुका है। शासन द्वारा निर्धारित पाँच किलो खाद्यान्न हर माह प्राप्त हो रहा है। अब 35 किलो खाद्यान्न देने की योजना नहीं है। शांति देवी निवासी ग्राम सिरखिनी ने जमीन पर अवैध कब्जा हटाने के संबंध में आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार हुजूर को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए। सुदीप द्विवेदी निवासी शारदा कालोनी गोड़हर ने कालोनी में अवैध रूप से संचालित वाहन सुधार की दुकानों को कालोनी से हटाने के संबंध में आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम हुजूर को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। रानी शुक्ला निवासी ग्राम रौरा ने मानदेय के भुगतान के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने जिला प्रबंधक ग्रामीण आजीविका परियोजना को मानदेय का भुगतान कराने के निर्देश दिए। राजेन्द्र पटेल निवासी ग्राम गोदरी ने मनगवां में बिना लाइसेंस के चल रही खाद-बीज की दुकानों पर कार्यवाही के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम मनगवां तथा उप संचालक कृषि को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। कशिश बंसल निवासी रीवा ने छात्रवृत्ति भुगतान के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने जिला संयोजक ट्राईबल को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। चन्द्रा त्रिपाठी निवासी रीवा ने आयुष्मान कार्ड के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आयुष्मान कार्ड जारी करने के निर्देश दिए। रामलाल श्रीवास्तव निवासी मझिगवां ने उनकी जमीन में अवैध रूप से बनाए जा रहे मकान का निर्माण रोकने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार हुजूर को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। जन सुनवाई में उपचार सहायता, मजदूरी भुगतान, पेंशन प्रकरणों से संबंधित आवेदनों की भी सुनवाई की गई।

## नशा के सौदागरों को 10 एवं 15 वर्ष का हुआ सश्रम कारावास

रीवा

अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट रीवा म.प्र.के पीठासीन न्यायाधीश विक्रम सिंह के न्यायालय में विचाराधीन एनडीपीएस प्र.क्र.40/2015 म.प्र.राज्य द्वारा आरक्षीकेन्द्र हनुमना जिला रीवा विरुद्ध मोहम्मद काविल तनय इब्राहीम मुसलमान उम्र 35 वर्ष निवासी चकरा टोला थाना हनुमना जिला रीवा म.प्र., आनन्द पटेल तनय रामानन्द पटेल उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम अतरी उसरी थाना खीरी जिला इलाहाबाद उत्तर प्रदेश के विरुद्ध थाना हनुमना के अपराध क्र.177/2015 धारा 8(सी), 21 (सी) स्वापगक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम के अपराध का दोषी पाते हुए न्यायालय ने आरोपी मो.काविल को 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1 लाख रुपये अर्थदण्ड एवं आरोपी आनन्द पटेल कोग धारा 8 (सी) 21 (सी) के अन्तर्गत दोषी पाते हुये 15 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1 लाख रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है दोनों को अर्थदण्ड के व्यतिक्रम पर एक वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास का दण्डादेश पारित किया है। अभियोजन की ओर से पैरवी अति.लोक अभियोजक नीलग्रीव पाण्डेय द्वारा की गई। अभियोजन का संक्षिप्त सार यह है कि आरोपी मो.काविल से दिनांक 30.7.2015 को थाना हनुमना के उपनिरीक्षक श्यामलाल दीवान द्वारा वैधानिक कार्यवाही करते हुए आरोपी से 60 शीशी नशीली कफ सिरप अवैध रूप से परिवहन व विक्री करते जप्त की गई जबकि विवेचना दौरान आरोपी काविल के मेमोरेण्डम में बताये अनुसार थाना प्रभारी दीपक पारासर द्वारा आरोपी आनन्द कुमार पटेल के कब्जे से 750 नग एक्स कफ सिरफ व 410 आर.सी.सिरफ और 140 नग कोरेक्स सिरफ इस प्रकार कुल 1300 शीशियां नशीली सिरफ कोडीन फास्फेट युक्त एवं 101 नग स्पास्मो प्राक्सीवान प्लस कैप्सूल व एक कार्टून एमएटोशीन आक्सोटोशीन इन्जेक्शन कुल 3500 नग और गोलियां बरामद हुई जिस पर विचरण दौरान अभियोजन की ओर से 10 साक्षी व 36 दस्तावेज परीक्षित कराये गये। आरोपीगणों के विरुद्ध अपराध प्रमाणित पाया गया। उपरोक्त दोनो आरोपीगणों को दण्ड के प्रश्न पर सुना गया। अभियोजन की ओर से अति.लोक अभियोजक नीलग्रीव पाण्डेय ने कहा कि इस तरह के गंभीर अपराध के आरोपियों को अधिकतम दण्ड से दण्डित किये जाने के निवेदन पर आरोपी मोहम्मद काविल तनय इब्राहीम मुसलमान उम्र 35 वर्ष निवासी चकरा टोला थाना हनुमना जिला रीवा म.प्र., आनन्द पटेल तनय रामानन्द पटेल उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम अतरी उसरी थाना खीरी जिला इलाहाबाद उत्तर प्रदेश के विरुद्ध थाना हनुमना के अपराध क्र.177/2015 धारा 8(सी), 21 (सी) स्वापगक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम के अपराध का दोषी पाते हुए न्यायालय ने आरोपी मो.काविल को 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1 लाख रुपये अर्थदण्ड एवं आरोपी आनन्द पटेल कोग धारा 8 (सी) 21 (सी) के अन्तर्गत दोषी पाते हुये 15 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1 लाख रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है ।

**नाम सुधार सूचना**

मै राम सिंह पिता श्री रणछोर सिंह उम्र 79 वर्ष निवासी ग्राम पो. पड़री तह. सिरमौर जिला रीवा म.प्र. का निवासी हूँ, मेरा आधार नं.-22974207 5290 है, शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि :-1. यह कि मै डाक विभाग में शासकीय सेवा में था, मैं वर्ष 2003 में सेवानिवृत्त हुआ हूं, मेरे सर्विस बुक/ पीपीओ नं. POSTAL/2016/MP/8562 में मेरे पत्नी का नाम किरन दर्ज है, जो सही व सत्य है। 2.यह कि मेरे पत्नी के समग्र आईडी, आधार कार्ड, वोटर आईडी, राशन कार्ड में सरोज नाम दर्ज है, जो सही व सत्य है। 3.यह कि मेरे पत्नी का लचारी नाम किरन है जो मेरे पीपीओ / सेवा पुस्तिका में भूलवस दर्ज हो गया है जिसे सुधार कर उसके स्थान पर सही नाम सरोज दर्ज कर दिया जाय। 4. यह कि किरन व सरोज दोनो नाम मुझ शपथकर्ता के पत्नी का ही है, जिसे सुधार कर किरन के स्थान पर सरोज पढ़ा एवं लिखा जावे।